महात्मा गांधी नरेगा अति–आवश्यक

राजस्थान सरकार
ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग
(अनुभाग–3, महात्मा गांधी नरेगा)

क्रमांक एफ 4(21) ग्रावि / नरेगा / एमआईएस / 2014 जयपुर, दिनांकः **02 DEC 2014**

जिला कलक्टर एवं जिला कार्यक्रम समन्वयक,
महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना,
समस्त राजस्थान।

विषयः **भामाशाह योजना के अन्तर्गत पंजीकृत परिवारों के सदस्यों के आधार नम्बर का इन्द्राज महात्मा गांधी नरेगा सॉफ्ट में करने बाबत।**

प्रसंगः **विभागीय समसंख्यक पत्र दिनांक 21.10.2014**

महोदय,

उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख है कि राज्य सरकार द्वारा भामाशाह योजना के अन्तर्गत पंजीकृत परिवारों को शीघ्र ही भामाशाह कार्ड वितरण का शुभारम्भ किया जा रहा है। सूचना एवं प्रौद्योगिकी विभाग, राजस्थान सरकार से प्राप्त भामाशाह योजना के अन्तर्गत पंजीकृत परिवारों की सूचना सॉफ्ट कॉपी में आपको प्रेषित की जा चुकी है। इस क्रम में ब्लॉक स्तर से निम्नानुसार कार्यवाही दिनांक 04.12.2014 तक सुनिश्चित की जानी है :–

1 भामाशाह योजना के अन्तर्गत पंजीकृत महिला का नाम यदि महात्मा गांधी नरेगा योजना के अन्तर्गत पंजीकृत जॉबकार्ड में है, तो नरेगा सॉफ्ट में उस महिला श्रमिक के नाम के सम्मुख भामाशाह योजना में वर्णित **आधार नम्बर का इन्द्राज किया जावेगा।** यदि नरेगा सॉफ्ट में आधार नम्बर पूर्व से ही दर्ज है एवं भामाशाह योजना रिकॉर्ड में उपलब्ध आधार नम्बर से मेल खा रहे है तो नरेगा सॉफ्ट में इस संबंध में कोई कार्यवाही नहीं की जानी है। यदि किसी कारणवश आधार नम्बर में भिन्नता है तो सही आधार नम्बर की सुनिश्चितता करने के बाद ही नरेगा सॉफ्ट में दर्ज आधार नम्बर में संशोधन किया जावे।

2. भामाशाह योजनान्तर्गत पंजीकृत नरेगा महिला श्रमिक के बैंक खाता संख्या एवं आई.एफ.सी. कोड का भी इन्द्राज नरेगा सॉफ्ट में किया जाना है। चूंकि भामाशाह योजना के शिविरों में खोले गये बैंक खाते का आई.एफ.सी. कोड एवं बैंक खाता संख्या की सही सूचना ब्लॉक कार्यालय में उपलब्ध है, अतः उक्त सूचना का इन्द्राज भी उस महिला श्रमिक के नाम के सम्मुख किया जावे।

3. **आधार नम्बर एवं बैंक खाता संख्या का** सही इन्द्राज नरेगा सॉफ्ट में सुनिश्चित करने के लिए ग्राम रोजगार सहायक / कनिष्ठ लिपिक / डाटा एन्ट्री ऑपरेटर से नरेगा सॉफ्ट में फीडिंग करवाई जावे तथा ब्लॉक स्तर पर कार्यरत लेखा सहायक / लेखाकार / सहायक लेखाधिकारी से इसकी जांच कर नरेगा सॉफ्ट में फ्रीज किया जावे।

उक्तानुसार कार्यवाही कर ई–मेल nrega.raj@gmail.com पर दिनांक 04.12.2014 को सांय 04.00 बजे तक **संलग्न प्रारूप में** जिले की समेकित सूचना डाटाबेस Excelsheet में इस प्रपत्र के अनुरूप अतिरिक्त प्रविष्टियां करते हुए डाटाबेस पुनः प्रेषित करें।

भवदीय,

(राजीव सिंह ठाकुर)
आयुक्त एवं शासन सचिव, ईजीएस

प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं अग्रिम कार्यवाही हेतु प्रेषित है:–

1. निजी सचिव, प्रमुख शासन सचिव, ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग।
2. निजी सचिव, शासन सचिव, प्रोद्योगिकी एवं संचार विभाग।
3. निजी सचिव, आयुक्त एवं शासन सचिव, ईजीएस।
4. अतिरिक्त जिला कार्यक्रम समन्वयक एवं मुख्य कार्यकारी जिला परिषद, समस्त राजस्थान।
5 विकास एवं कार्यक्रम अधिकारी, पंचायत समिति, समस्त राजस्थान।

परि. निदे. एवं पदेन उप सचिव, ईजीएस

BHAMASHAH & MGNREGA MAPPING RECORDS **(Figures in No.)**

S. No.	District	Dist. Records	Family not found in MGNREGA	Family found in MGNREGA		Worked in Nov., 2014	Payment due	Aadhaar number seeded	Account number entered in MIS
				Family did not work in 14-15	Worked in 14-15				
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10
1	AJMER	4840							
2	ALWAR	1679							
3	BANSWARA	1025							
4	BARAN	1667							
5	BARMER	2344							
6	BHARATPUR	545							
7	BHILWARA	1026							
8	BIKANER	554							
9	BUNDI	843							
10	CHITTORGARH	1270							
11	CHURU	799							
12	DAUSA	2281							
13	DHOLPUR	542							
14	DUNGARPUR	232							
15	GANGANAGAR	1585							
16	HANUMANGARH	1515							
17	JAIPUR	906							
18	JAISALMER	92							
19	JALORE	2045							
20	JHALAWAR	722							
21	JHUNJHUNU	1191							
22	JODHPUR	2783							
23	KARAULI	237							
24	KOTA	2768							
25	NAGAUR	1299							
26	PALI	5498							
27	PRATAPGARH	393							
28	RAJSAMAND	250							
29	S. MADHOPUR	1261							
30	SIKAR	1268							
31	SIROHI	787							
32	TONK	3671							
33	UDAIPUR	1366							
	Total	49284							

विस्तृत भामाशाह डाटाबेस (Excel File) में उपरोक्त कॉलम संख्या 4 से 10 अतिरिक्त जोडे गये है। इन कॉलम्स में (Y/N) की प्रविष्टि करते हुए डाटाबेस पुनः [illegible] जाना है।